महत्वपूर्ण एवं खास

सितंबर तक गाजियाबाद में दौड़ेगी मेट्रो

दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा पहुंचेगी ब्लू लाइन

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। गाजियाबाद और नोएडा के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जल्द ही मेट्रो अब गाजियाबाद पहुंचेगी, जिससे लाखों लोगों को फायदा होगा। दिल्ली मेट्रो सितंबर तक दो नए कॉरिडोर शुरू करेगी, जो दिलशाद गार्डन को गाजियाबाद से और द्वारका को नोएडा के सेक्टर-62 से जोड़ेंगे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर मंगू सिंह ने कहा कि ब्लू लाइन वाला कॉरिडोर नोएडा सिटी सेंटर से आगे यानी इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक जाएगा। इससे नोएडा के 34, 52, 59, 61 और 62 सेक्टर जैसे दूर के इलाकों में मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि दो-तीन जगहों को छोड़कर दोनों कॉरिडोर का काम लगभग पूरा हो गया है और ऐसी उम्मीद है कि सितंबर तक कॉरिडोर पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। दिलशाद टु नया बस अड्डा मेट्रो प्रॉजेक्ट भी होगा शुरू वहीं लंबे समय से अटका दिलशाद गार्डन टु नया बस अड्डा मेट्रो प्रॉजेक्ट भी सितंबर में शुरू हो सकता है। इस प्रॉजेक्ट के शुरू होने से उन लोगों को फायदा होगा जो जीटी रोड और जिले के अंदरूनी हिस्सों में रहते हैं। वर्तमान में ब्लू लाइन पर गाजियाबाद में सिर्फ दो ही स्टेशन हैं - कौशांबी और वैशाली। इन दो कॉरिडोर के अलावा मेट्रो की एक्वा लाइन (जो ब्लू लाइन का एक्सटेंशन है) का भी ग्रेटर नोएडा तक विस्तार हो जाएगा। यह नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के अधीन होगा। वहीं दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भी दिलशाद गार्डन टु न्यू बस स्टेंड कॉरिडोर को वैशाली से जोड़ने के तहत वैशाली और मोहन नगर के बीच एक नया कॉरिडोर शुरू करेगा। वहीं नोएडा सेक्टर-62 से साहिबाबाद को जोड़ने के लिए डीएमआरसी एक अलग कॉरिडोर की प्लानिंग कर रही है।

राजपाल यादव चेक बाउंस में दोषी करार

23 को सुनाई जाएगी सजा

नईदिल्ली ,(आरएनएस)। अपनी ऐक्टिंग से दर्शकों के चेहरे पर हंसी लाने वाले बॉलिवुड ऐक्टर राजपाल यादव को कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी कंपनी और पत्नी समेत चेक बाउंस से जुड़े सात मामलों में दोषी करार दिया। शिकायतकर्ता के वकील एस. के. शर्मा ने बताया कि सजा का ऐलान 23 अप्रैल को होगा। अडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट (ईस्ट) अमित अरोड़ा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सबूत संदेह से परे जाकर आरोपियों को दोषी साबित कर रहे हैं। एक बार जब आरोपी ने यह मान लिया कि संबंधित चेक उसके बैंक खाते से जुड़े हैं और उन पर साइन भी उसी के हैं तो फिर शिकायतकर्ता को चेक बाउंस का केस दायर करने का हक मिल गया। आरोपियों पर शिकायतकर्ता की ओर से दिया गया पैसा उधार था, इन्वेस्टमेंट नहीं। यह भी साबित हो गया कि यादव ने कानूनी तरीके से लिए गए उधार के बदले ही शिकायतकर्ता को चेक जारी किए थे। आरोपी अपनी ही गलती का फायदा नहीं उठा सकता। लक्ष्मी नगर स्थित कंपनी मुरली प्रॉजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने यादव और अन्य के खिलाफ चेक बाउंस से जुड़ी सात अलग-अलग शिकायतें दर्ज करवाई थीं। शिकायतकर्ता का कहना था कि राजपाल यादव ने अप्रैल 2010 में अता पता लापता नाम से अपनी फिल्म पूरी करने के लिए इनसे मदद मांगी थी। इसके बाद 30 मई 2010 में दोनों के बीच एक अग्रीमेंट हुआ और उन्होंने आरोपियों को 5 करोड़ का लोन दे दिया। राजपाल यादव को शिकायतकर्ता 8 करोड़ लौटाने थे।

आंबेडकर जयंती पर राजनीतिक ब्रैंड के जरिए लुभाने में लगीं पार्टियां

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। इस साल बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती कई मायनों में खास है। बाबा साहब अब सभी दलों के सबसे बड़े राजनीतिक ब्रैंड बन गए हैं। अगले साल होने वाले आम चुनाव और कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी दल दलितों के मसीहा आंबेडकर की शनिवार को मनाई जा रही 127वीं जयंती के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। चुनाव में दलित वोट बैंक पर अपना दावा मजबूत करने के लिए सभी दल आंबेडकर जयंती के जरिए खुद को दलितों का मसीहा बताने में लगे हैं। एससी-एसटी ऐक्ट में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद में एससी-एसटी संगठनों ने जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किया उसके बाद से सभी पार्टियां इस आबादी को अपनी तरफ लुभाने के लिए लगी हुई है। आम चुनावों में अब एक साल का वक्त ही बचा हुआ है और कोई भी दल दलितों को लुभाने का मौका नहीं छोड़ना चाहती है। यूपी में राजनीतिक दलों में मची होड़ यूपी में इस बार सभी राजनीतिक दलों में आंबेडकर जयंती मनाने की होड़ मची हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण यूपी में बदला राजनीतिक परिदृश्य है।

सौदान सिंह की मौजूदगी में हुई भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

संगठन को मजबूत करने और चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक ओर जहां राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीजापुर दौरे की तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को शुक्रवार को राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री सौदान सिंह, भाजपा संगठन महामंत्री पवन सहाय और प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर आपस में चर्चा की।

बीजेपी विधायक सेंगर के खिलाफ सीबीआई को मिले पर्याप्त सबूत, पीड़िता का होगा मेडिकल

लखनऊ ,(आरएनएस)। उन्नाव गैंगरेप मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से मिली फटकार के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। प्रारंभिक जांच में सीबीआई को गैंगरेप के आरोपी बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और उनके भाई के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं। सीबीआई ने सेंगर के दो फोन भी अपने कब्जे में ले लिया है। जांच एजेंसी अब पीड़ित युवती का फिर से मेडिकल करवाएगी। इससे पहले उन्नाव मामले में गुरुवार देर रात सीबीआई, लखनऊ की एसीबी ब्रांच ने तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं। इसके बाद जांच एजेंसी ने आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को हिरासत में लेकर कई घंटे तक पूछताछ की और फिर शुक्रवार रात 9:30 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक उन्नाव में सीबीआई को प्रारंभिक जांच में ही विधायक, उनके भाई और साथियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। सेंगर के मोबाइल भी सीबीआई के कब्जे में सीबीआई ने सेंगर के दोनों मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए हैं।

जांच टीम फोन के जरिए पड़ताल की कोशिश करेगी कि 3 अप्रैल से शुक्रवार तड़के तक विधायक ने किन-किन लोगों से बात और चैट की। सीबीआई गैंगरेप की पीड़िता का फिर से मेडिकल करवाएगी। इससे पहले, सीबीआई की टीम शुक्रवार सुबह करीब सवा चार बजे सेंगर के इंदिरा नगर सी ब्लॉक स्थित घर पहुंची। यहां से सेंगर को नवल किशोर रोड स्थित सीबीआई दफ्तर लाया गया। यहां विधायक से कई घंटे तक पूछताछ की गई। इस दौरान सेंगर खुद को निर्दोष बताते रहे। हाई कोर्ट ने लगाई फटकार बता दें, उन्नाव रेप मामले में हाई कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद सीबीआई ने सेंगर को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, सुबह हाई कोर्ट ने विधायक को सिर्फ हिरासत में लेने पर नाराजगी जताते हुए सीबीआई को सेंगर व अन्य आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार करने, अपहरण और गैंगरेप के मामले में पुलिस चार्जशीट के बावजूद नए सिरे से विवेचना करने का निर्देश दे दिया। कोर्ट ने सीबीआई को पीड़िता के पिता की हत्या के मामले की भी तय समय सीमा में जांच पूरी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जरूरी हो तो जमानत पर रिहा आरोपितों की जमानत निरस्त करवाएं। सीबीआई को दो मई को प्रगति रिपोर्ट पेश करनी है। कोर्ट ने कहा कि यदि पीड़िता की फरियाद सुनी गई होती और विधायक के दबाव में पुलिस कानून की अनदेखी न करती तो पीड़िता के पिता की दुर्भाग्यपूर्ण मौत न होती। सबकुछ होने के बाद 12 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज हुई। हालांकि, गिरफ्तारी इसके बाद भी नहीं हुई।

स्कूल बस ने दो बच्चों को रौंदा, एक की मौत

नईदिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली के चाणक्यपुरी में एक स्कूली बस ने दो बच्चों को रौंद दिया. इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई जबकि दूसरा बच्चा जिंदगी और मौत से लड़ रहा है. यह हादसा तब हुआ जब ब्रिटिश स्कूल की एक बस का ड्राइवर बस को दीवार से सटाकर बस को पार्क करने की कोशिश कर रहा था. बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है. जानकारी के अनुसार ब्रिटिश स्कूल की बस ने शनिवार को दो मासूम बच्चों को रौंद दिया. इस हादसे में राहुल नाम के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि जगदीश की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताया जाता है कि हादसा उस समय हुआ जब ड्राइवर बस को पार्क कर रहा था. दोनों बच्चे पास की ही झुग्गी के बताए जा रहे हैं।

युवती के चेहरे पर फेंका एसिड

अहमदाबाद , (आरएनएस)। अहमदाबाद के वाडज इलाके में एक युवती पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है. देर रात हुए इस हमले में युवती का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया है. परिवार की शिकायत पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है. शुरुआती जांच में यह मामला निजी रंजिश का बताया जा रहा है. हालांकि पुलिस अभी तक मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रह है। जानकारी के अनुसार अहमदाबाद के वाडज इलाके में शुक्रवार देर रात घर में घुसकर एक युवक ने युवती पर तेजाब फेंक दिया. गंभीर रूप से जली हालत में युवती को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. युवती के परिवारवालों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी का नाम विनोद बताया जा रहा है. पुलिस ने शुरुआती जांच में रंजिश का मामला बताया है।

प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी पर नकेल कसने की तैयारी

सरकार लागू करेगी कानून

गुरुग्राम ,(आरएनएस)। हरियाणा सरकार सेंट्रल क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन ऐंड रेग्युलेशन) ऐक्ट, 2010 इस महीने के अंत तक लागू कर देगी। अधिकारियों के मुताबिक ऐसा करने से प्राइवेट अस्पतालों में होने वाले खर्च और इलाज पर रोक भी लगेगी और लापरवाही की स्थिति में जवाबदेही भी तय होगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दावा किया है कि कानून को सख्ती से लागू करने के लिए नियम बनाए जा रहे थे जिससे कि 50 से अधिक बेड वाले प्राइवेट अस्पतालों में होने वाले खर्च की अधिकतम सीमा तय की जाएगी। इनमें से अधिकतर अस्पताल गुरुग्राम और फरीदाबाद में हैं। अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय में प्राइवेट अस्पतालों में ओवरचार्जिंग और लापरवाही के कई मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अडिशनल डायरेक्टर जनरल डॉ आदित्य चौधरी का कहना है कि हरियाणा सरकार यह कानून लागू करने के लिए गंभीर है। नियम बनाए जा रहे हैं और इसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। दिसंबर 2017 तक यह ऐक्ट सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, असम और दिल्ली के अलावा सभी यूनियन टेरिटरीज में लागू किया जा चुका है। ऐक्ट के लागू होने के बाद 50 बेड से ऊपर वाले अस्पतालों के लिए अपनी सेवाएं और उनकी कीमत, डॉक्टरों की लिस्ट, नर्स और दूसरे मेडिकल स्टाफ की योग्यता अलग से दिखाना अनिवार्य हो जाएगा। ऐक्ट के तहत जिला पंजीकरण प्राधिकरण सभी अस्पतालों का पंजीकरण करेगा और उन पर नजर रखेगा। हर पांच साल में यह पंजीकरण रिन्यू कराना होगा।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन हेतु बैठक 17 को

कोरबा (आरएनएस)। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मई 2018 में किये जाने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की उपस्थिति में मंगलवार 17 अप्रेल को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक आयेजित की गई है।

नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरबा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिले के नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में असाक्षरों को साक्षर बनाने हेतु सतत शिक्षा केंद्र की स्थापना की जायेगी। इस हेतु कलेक्टर ने व्याख्याता सतीश प्रकाश सिंह को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।यदि पूर्व में आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया हो तो पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

आडवाणी को सहारा देते दिखे राहुल

पीठ पर हाथ रखकर पूछा हालचाल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। यूं तो बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के बीच बड़ी राजनीतिक खाई है, लेकिन शनिवार को संसद भवन परिसर में दोनों नेताओं ने जिस तरह से मुलाकात की वह लोकतंत्र की खूबसूरती को बयां कर रही थी. मौका था संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती का. सभी राजनीतिक दलों के सांसद शनिवार सुबह संसद भवन में उन्हें याद करने पहुंचे थे. बाबा साहेब की याद में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी मौजूद थे, तभी वहां लालकृष्ण आडवाणी पहुंचे. 90 वर्षीय आडवाणी संसद भवन परिसर में थोड़ा लड़खड़ा गए, तभी राहुल गांधी वहां पहुंचे और उन्हें पकड़कर संभाला। राहुल ने आडवाणी से उनका हालचाल पूछा. राहुल बीजेपी के वरिष्ठ राजनेता का सम्मान करते दिखे। दोनों ऐसे बातें करते दिखे मानों इनके बीच कोई गिले-शिकवे न हो। पूरे माहौल में लोकतंत्र की खूबसूरती बयां हो रही थी। राष्ट्रपति और पीएम मोदी भी पहुंचे संसद भवन परिसर में बाबा साहेब आंबेडकर को याद करने के लिए अयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम पार्टियों के सांसद पहुंचे सभी ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए यहां बौद्ध भिक्षुओं को भी आमंत्रित किया गया था पीएम मोदी बौद्ध भिक्षुओं के सामने सिर झुकाकर उन्हें नमस्कार करते दिखे मालूम हो कि बाबा साहेब आंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव से परेशान होकर बौद्ध धर्म अपना लिया था।

दो कार्य के लिए नौ लाख 96 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर मो. कैसर अब्दुल हक द्वारा जिला योजना एवं सांख्यिकी के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत दो कार्य हेतु कुल नौ लाख 96 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।जारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र छुरीकला के वार्ड क्रमांक 14 भाठापारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पांच लाख 96 हजार रूपये और नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 32 रामपुर आईटीआई क्षेत्रांतर्गत बालाजी मंदिर के बगल में ओम फ्लैट के पीछे बालिका गृह के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु चार लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

घर से गायब हुई लड़की का शव मिला

जम्मू ,(आरएनएस)। अपने घर से लापता एक लड़की का शव का शव जम्मू जिले के बाहरी इलाके में मिला है। पुलिस ने शव मिलने की जानकारी शनिवार को मीडिया को दी। पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी रा में अपनी बेटी के 9 अप्रैल से लापता होने के रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट में लड़की का मनोरोगी होना बताया गया था। पुलिस टीम ने लड़की को खोजने के लिए आस-पास के इलाकों में घूम रही थी। इसी तलाशी अभियान के दौरान लड़की का शव उसके घर से 0 मीटर की दूरी पर बने एक नाले में मिला। शव बरामद होने की जानकारी परिजनों को दी गई और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में डॉक्टरों के एक बोर्ड ने शव का पोस्टमॉर्टम किया।

मासूम को टीचर ने बेरहमी से पीटा

मुंह में डंडा डालने से चली गई आवाज

अहमदनगर ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक टीचर ने क्रूरता की सभी हदें पार कर दीं. टीचर ने दूसरी कक्षा के एक बच्चे इस कदर बेरहमी से पीटा कि उसकी आवाज तक चली गई. आरोपी टीचर के खिलाफ अहमदनगर के कर्जत पुलिस स्टेशन पर मामला दर्ज कर लिया गया है. बताया जाता है कि बच्चे का कसूर बस इतना था कि वो गणित के सवाल का जवाब नहीं दे सका था. बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के के अहमदनगर में एक टीचर ने दूसरी कक्षा के मासूम को गणित का जवाब नहीं देने पर उसे बेरहमी से पीटा. बताया जाता है कि टीचर ने पिटाई के दौरान मासूम के मुंह में डंडा डाल दिया ।

13 साल की बच्ची को रखा था पत्नी बनाकर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पश्चिमी दिल्ली के रणहौला इलाके से पुलिस ने एक 13 साल की बच्ची को बचाया है, जो 42 साल के शख्स के साथ पत्नी के रूप में रह रही थी। गौरतलब है कि आरोपी ने बिहार के दरभंगा में बच्ची से शादी की थी और तब से वह बच्ची दिल्ली में उसके साथ रह रही थी। पेशे से रिक्शाचालक आरोपी की पहले भी दो शादियां हो चुकी हैं। डीसीपी एम एन तिवारी ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ पोक्सो और बाल विवाह अधिनियम ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं बच्ची को पुनर्सुधार के लिए एक एनजीओ भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, बच्ची के पिता की मौत हो चुकी है, जबकि मां मानसिक तौर पर बीमार है। पति के चले जाने के बाद बीमार मां और बच्ची को घरवालों ने निकाल दिया, जिसके बाद मां के पास अपनी बच्ची के लालन-पालन के लिए कोई जरिया नहीं था। रोंगटे खड़े कर देगी कहानी मां-बेटी बिहार के दरभंगा में रहते थे और उन्हीं दिनों आरोपी शादी के प्रस्ताव के साथ बच्ची की मां के पास गया। उसकी पहली पत्नी मर गई थी, जबकि दूसरी पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। मां अपनी नन्ही सी जान की उस अधेड़ से शादी कराने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थी, लेकिन पड़ोसियों ने उसे यह यकीन दिलाया कि आरोपी दिल्ली में खूब अच्छा पैसा कमाता है और वह उसकी बेटी को खुश रखेगा। इसके बाद एक छोटी-सी सेरिमनी के बाद उस बच्ची को 42 वर्षीय आरोपी के साथ दिल्ली भेज दिया गया। पूछताछ में बच्ची ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी शादी बीते साल (2017) में 27 फरवरी को हुई थी। बच्ची के साथ पत्नी वाला रिश्ता छुपाने के लिए आरोपी दिल्ली में अपने पड़ोसियों के सामने उसे अपना रिश्तेदार बताता था। इसके बाद उसने पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर में अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ रहना शुरू कर दिया। बच्ची को बताता था रिश्तेदार, घर के काम कराता था बताया जा रहा है कि एक हफ्ते पहले ही आरोपी ने अपने बाकी परिवार से अलग रहना शुरू किया और बच्ची को लेकर रणहौला के शिव विहार आ गया।

प्रधानमंत्री ने किया आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ

निर्धारित समय से पहले पहुंचे जांगला

बीजापुर, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज निर्धारित समय से पहले जांगला पहुंच कर आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच के सहज-सरल भाव से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में बातचीत की। बच्चों से भी पीएम ने काफी देर तक मुलाकात की। इसके बाद हेल्थ वेलनेस सेन्टर और स्टेट बैंक शाखा का उद्घाटन किया। हाट बाजार हेल्थ कियोस्क पहुंचकर हेल्थ वर्करों से भी बातचीत की और वहां की गतिविधियों का जायजा लिया। इसके पूर्व ग्रामीण बीपीओ कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री रमन सिंह भी मौजूद थे।